हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 14 नवंबर 2026
सीहोर | नसरुल्लागंज | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 एसडीएम बोले- रेलवे विभाग से कराई जाएगी नुकसान की भरपाई...



07 नौ दिन से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल बड़ागांव में...



खबर संक्षेप

मुख्य सचिव ने स्कूल का किया निरीक्षण



सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव संजय गोयल ने शासकीय उमावि पीएमश्री श्यामपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया और विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक दक्षता एवं प्रतिभा को परखा। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने ऑटोमोटिव एवं आईटी की कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बच्चों की योग्यता और तकनीकी ज्ञान को परखते हुए उन्होंने उनकी कठिनाइयों को सरलता से हल करने के लिए उपयोगी सुझाव भी दिए। उन्होंने विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं की साफ-सफाई और स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य सचिव संजय गोयल ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें शिक्षकों की समस्याओं और परेशानियों को गंभीरता से सुना तथा कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर बीआरसीसी अशोक वर्मा एवं एपीसी सुरेंद्र यादव सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यार्थियों का कुशल मार्गदर्शन करने और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने पर विद्यालय परिवार ने मुख्य सचिव संजय गोयल का आभार व्यक्त किया।

न्यायोत्सव के तहत निकलेगी बाइक रैली

सीहोर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 14 से 20 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी देने और न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत 15 नवंबर को सुबह 9:30 बजे जिला न्यायालय परिसर से मैराथन दौड़ एवं वॉकथॉन का आयोजन होगा। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसका समापन जिला न्यायालय परिसर में होगा। मैराथन के दौरान विभिन्न स्थानों पर रुककर विधिक सहायता योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। वहीं 19 नवंबर को शाम 5 बजे जिला न्यायालय परिसर से बाइक एवं साइकिल रैली निकाली जाएगी। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस जिला न्यायालय परिसर पहुंचेगी। इसके साथ ही 14 से 20 नवंबर तक प्रतिदिन विभिन्न जागरूकता एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

नहाय-खाय, लौकी-चावल के सेवन के साथ छठ महापर्व का शुभारंभ

सीवन घाट बनेगा मिनी बिहार, सूर्य अर्घ्य के साथ दिखेगी लोक आस्था की अनोखी छटा

भोजपुरी समाज छठ महापर्व को श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाएगा। पर्व के दौरान नदी घाट पर श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



छठ महापर्व की शुरुआत शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ हुई। शनिवार को खरना के बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास रखेंगे। 15 नवंबर को सीवन नदी के महिला घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अनुष्ठान संपन्न होगा।

घाट पर सजेगी छठ महापर्व की छटा

लोक आस्था, सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति अगाध श्रद्धा का प्रतीक छठ महापर्व अब सीहोर की फिजाओं में अपनी अनुपम छटा बिखेरने जा रहा है। भोजपुरी समाज के उत्साह, पारंपरिक लोकगीतों की मधुर धुन और छठी मैया के जयकारों के बीच शहर का सीवन नदी घाट अगले दो दिनों तक मिनी बिहार का स्वरूप धारण करेगा। चार दिवसीय इस पावन अनुष्ठान का शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ विधिवत शुभारंभ हो गया। अब पूरा भोजपुरी समाज श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सूर्यदेव की आराधना की तैयारियों में जुट गया है।

नहाय-खाय से शुरू कठिन अनुष्ठान

भोजपुरी समाज के मीडिया प्रभारी राकेश कुमार झा ने बताया कि शुक्रवार को नहाय-खाय की परंपरा के साथ छठ व्रत की शुरुआत हुई। इस दिन व्रती महिला और पुरुष पवित्र स्नान कर पूरी शुद्धता और सात्विकता के साथ लौकी की सब्जी तथा अरवा चावल का पारंपरिक भोजन ग्रहण करते हैं। छठ पूजा में शुद्धता, संयम और नियमों का विशेष महत्व होता है। यही वजह है कि पर्व शुरू होते ही घरों में भी भक्तिमय वातावरण बनने लगा है।

खरना के बाद शुरू होगा निर्जला व्रत

शनिवार 14 नवंबर को खरना की परंपरा निभाई जाएगी। इसके साथ ही व्रती 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत में प्रवेश करेंगे। इस दौरान व्रती अन्न और जल का त्याग कर पूरी श्रद्धा के साथ छठी मैया और सूर्यदेव की आराधना करेंगे। छठ महापर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि कठिन तपस्या, पारिवारिक मंगलकामना और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भी प्रतीक है। व्रतियों के इस अटूट विश्वास और समर्पण के आगे कठिन से कठिन नियम भी श्रद्धा का उत्सव बन जाते हैं।

डूबते और उगते सूर्य को देंगे अर्घ्य

महापर्व का सबसे भावपूर्ण दृश्य 15 नवंबर की शाम देखने को मिलेगा, जब सीवन नदी के महिला घाट पर व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसके अगले दिन 16 नवंबर की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय अनुष्ठान का समापन होगा। नदी के जल में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देने, सूप में सजे पारंपरिक प्रसाद और छठी मैया के गीतों के बीच घाट पर श्रद्धा का अद्भुत संगम दिखाई देगा।

न्यायः हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास

अर्थदंड से भी किया दंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश महेश कुमार चौहान, तहसील आष्टा न्यायालय ने 12 नवंबर को निर्णय पारित करते हुए अभियुक्तगण संजू दंगोलिया, देवकरण, भुरू लाल और सिद्ध लाल, निवासीगण ग्राम बिलपान, तहसील जावर को आजीवन कारावास और प्रत्येक व्यक्ति पर 3000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अपर लोक अभियोजक दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि फरियादी रीना बाई, पति नर्बत दंगोलिया, अपने लड़के रवि के साथ थाना जावर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि 10 दिसंबर 2024 को शाम करीब 7.30 बजे उसके पति डेयरी पर दूध देने गए थे। वह सरकारी स्कूल के सामने पुलिया के पास देवबड़ला रोड पर खड़ी थी। तभी उसके पति नर्बत पुलिया के पास आए, तो उनके भाई संजू दंगोलिया हाथ में कुल्हाड़ी और देवकरण हाथ में डंडा लेकर आ गए। आरोपियों ने कहा कि दिन में उनकी भैंस उनके खेत में चली गई थी। इसी बात को लेकर वे नर्बत के साथ मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट करने लगे। संजू ने कुल्हाड़ी से नर्बत के सिर और पैर में मारा, जिससे उसके सिर में पीछे की तरफ तथा बीच सिर में चोट आई। देवकरण ने डंडे से मारा, जिससे नर्बत के कंधे पर चोट आई। चीख-पुकार की आवाज सुनकर भुरू और सिद्ध भी हाथ में डंडे लेकर आ गए और गालियां देते हुए डंडे से नर्बत के दाएं पैर की पिंडली और बाएं हाथ की भुजा में कंधे के पास मारा। बीच-बचाव लड़के रवि दोस्त सर्वेश गुणवान और उसकी ननंद सुनीता बाई ने किया, जिन्होंने घटना देखी थी। मारपीट करने के बाद संजू, भुरू, सिद्ध और देवकरण सभी वहां से भाग गए। पति को अधिक चोट आने पर लड़के रवि ने 108 पर फोन लगाया। परिजन बेहोशी की हालत में नर्बत को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल जावर लेकर गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना जावर में अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचक उप निरीक्षक वीरमलाल वर्मा द्वारा संपूर्ण विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने अभियोजन साक्ष्य और अंतिम बहस के दौरान अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए सभी अभियुक्तगणों को दोषसिद्ध पाया और आजीवन कारावास एवं प्रत्येक व्यक्ति पर 3000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

वार्ड 16 में 10.50 लाख की लागत से नाली व नाले को करेंगे कवर्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में विकास कार्यों को गति देने और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ नगर पालिका द्वारा लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 16 में नाले को कवर्ड करने के महत्वपूर्ण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में किया गया। इस कार्य के अंतर्गत राकेश राठौर के घर से लेकर विनोद के घर तक नाली निर्माण कार्य एवं विनोद राठौर के मकान से संतोष सिंह के मकान तक नाले पर जाली लगाकर उसे कवर्ड किया जाएगा। इस विकास कार्य पर 10 लाख 50 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के रहवासियों को काफी राहत मिलेगी। साथ ही खुले नाले के कारण होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी और क्षेत्र में स्वच्छता एवं सुरक्षा की स्थिति बेहतर होगी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका का लक्ष्य केवल विकास कार्यों की घोषणा करना नहीं, बल्कि धरातल पर काम करके जनता को उसका लाभ पहुंचाना है। शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की जरूरतों और समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समझकर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि शहर के किसी भी वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की कमी न रहे। वार्डों में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सुविधाओं को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरना हमारा दायित्व है। विकास की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी और शहर के हर क्षेत्र को बेहतर सुविधाओं से जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद कमलेश राठौर, अर्जुन राठौर, नरेंद्र राजपूत, राजेश माझी, लोकेंद्र वर्मा, आशु राजोरिया, नितेश राठौर सहित वार्ड क्रमांक 16 के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

सीहोर रेलवे स्टेशन पर लूट! 1 की जगह पेशाब के वसूल रहे 5 रुपए मना किया तो यात्री को बाथरूम से रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

यात्रियों की सुविधा के लिए बना रेलवे स्टेशन अब यात्रियों के लिए परेशानी का ठिकाना बनता जा रहा है। सीहोर रेलवे स्टेशन पर पेशाब घर, शौचालय और स्नानागार के नाम पर तय शुल्क से कई गुना ज्यादा पैसे वसूले जाने का गंभीर आरोप सामने आया है। यात्रियों का आरोप है कि यहां पैसे देने से मना करने वालों को बाथरूम इस्तेमाल करने से ही रोक दिया जाता है। इतना ही नहीं, ज्यादा पैसा लेने के बाद भी स्टेशन परिसर में गंदगी, बदबू और सफाई की बदहाल व्यवस्था यात्रियों को और परेशान कर रही है। अब इस मामले में कांग्रेस खुलकर सामने आ गई है और रेलवे को चेतावनी दे दी है।

1 के बदले 5 की वसूली, विरोध किया तो बाथरूम बंद!

कानपुर से सीहोर पहुंचे यात्री चंद्रसेन अग्निहोत्री ने शिकायत की है कि बाथरूम इस्तेमाल करने के बाद उनसे तय एक रुपये के बजाय पांच रुपये ले लिए गए। कुबेरेश्वर धाम के पास रहने वाले कृष्ण प्रजापति के साथ भी यही हुआ। उन्होंने बताया कि उनसे भी पांच रुपये वसूले गए। जब उन्होंने ज्यादा पैसे देने से मना किया, तो उन्हें बाथरूम इस्तेमाल ही नहीं करने दिया गया। यात्रियों का सवाल है कि जब रेलवे ने शुल्क तय कर रखा है, तो स्टेशन पर मनमानी वसूली क्यों हो रही है? और विरोध करने वाले यात्री को सुविधा से रोकने का हक किसने दिया? इस घटना के बाद स्टेशन पर शुल्क वसूली और सुविधाओं की देखरेख की पूरी व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है।

यात्रियों से मनमानी वसूली!

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि स्टेशन पर खुले पैसे नहीं होने का बहाना बनाकर यात्रियों से जानबूझकर ज्यादा रकम ली जा रही है। कांग्रेस का कहना है कि यह कोई एक-दो यात्रियों की शिकायत नहीं है, बल्कि रोजाना आने-जाने वाले यात्रियों को इसी तरह परेशान किया जा रहा है। ज्यादा पैसे देने से मना करने वालों के साथ गलत व्यवहार किए जाने की शिकायतें भी सामने आई।

कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

इस मामले को लेकर जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल सीहोर रेलवे स्टेशन पहुंचा और स्टेशन प्रबंधक जेएस मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने मांग की है कि यात्रियों से ज्यादा पैसे वसूलने पर तुरंत रोक लगाई जाए, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और संबंधित ठेकेदार का टेंडर रद्द किया जाए।

यात्रियों की सबसे ज्यादा परेशानी

कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने कहा कि रेलवे स्टेशन यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन सीहोर में सुविधाओं के नाम पर ही यात्रियों से ज्यादा पैसे वसूले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अव्यवस्था से महिला यात्रियों और आम लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। जब यात्रियों से शौचालय और अन्य सुविधाओं के लिए पैसे लिए जा रहे हैं, तो उन्हें साफ-सुथरी और अच्छी सुविधाएं क्यों नहीं मिल रही हैं? पंकज शर्मा ने सवाल उठाया कि बार-बार शौचालय जाने वाले यात्रियों को हर बार अतिरिक्त पैसे क्यों देने पड़ें? यात्रियों का आरोप है कि ज्यादा पैसे वसूलने के बाद भी स्टेशन पर सफाई का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। पेशाब घर के आसपास गंदगी फैली रहती है। बदबू के कारण न सिर्फ बाथरूम इस्तेमाल करने वाले यात्री, बल्कि आसपास से गुजरने वाले लोग भी परेशान होते हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि यात्रियों से शुल्क लेने के बाद उन्हें साफ और बेहतर सुविधा देने की जिम्मेदारी आखिर कौन निभाएगा?

ज्यादा वसूली हुई तो होगी जांच

रेलवे के पीआरओ मुकेश कुमार ने बताया कि पेशाब घर के इस्तेमाल के लिए एक रुपये और शौचालय के लिए पांच रुपये शुल्क तय किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर तय दर से ज्यादा पैसे वसूलने की शिकायत मिलती है, तो उसकी जांच कराई जाएगी। लेकिन यात्रियों का कहना है कि जांच का भरोसा काफी नहीं है, उन्हें मौके पर कार्रवाई चाहिए। अब सबकी नजर इस बात पर है कि शिकायतों की जांच कब होती है और आरोप सही पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई होती है। पंकज शर्मा ने साफ चेतावनी दी है कि अगर यात्रियों की शिकायतों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी यात्रियों के अधिकारों के लिए आंदोलन करेगी। इस दौरान पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सतीश दरोठिया, कांग्रेस नेता डॉ. हर्ष गुप्ता, आसिफ अंसारी, अरुण मालवीय, विवेक टांक, अभिषेक लोधी, मुकेश भारती सहित कई कांग्रेसजन मौजूद रहे।

20 नवंबर से बजेगी शहनाई! चार महीने बाद जागेंगे भगवान विष्णु

चातुर्मास खत्म, शुरू होंगे विवाह और मांगलिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी से थमे हुए विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों का इंतजार अब जल्द ही खत्म होने वाला है। आगामी शुक्रवार 20 नवंबर को कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी के साथ ही चातुर्मास की अवधि पूर्ण हो जाएगी। इसके साथ ही सृष्टि के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु अपनी चार माह की योग निद्रा से जागकर पुनः सृष्टि के संचालन का दायित्व संभालेंगे और सभी शुभ कार्यों का श्रीगणेश हो जाएगा।

चार महीने से सोए हैं भगवान विष्णु, सृष्टि संभाल रहे हैं महादेव!

धार्मिक मान्यताओं और शास्त्रों के संदर्भ में जानकारी देते हुए पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि देवशयनी एकादशी से जगत के पालनहार भगवान विष्णु चार माह के लिए पाताल लोक में शयन करने चले जाते हैं। इस चातुर्मास की अवधि में सृष्टि का संचालन देवाधिदेव महादेव भगवान शंकर के हाथों में रहता है। अब 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर भगवान विष्णु जागृत होंगे और भगवान शिव से सृष्टि के



मंगलमय संचालन का कार्यभार पुनः ग्रहण करेंगे।

तुलसी-शालिग्राम विवाह के साथ खुलेगा शुभ कार्यों का द्वार!

पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि भगवान विष्णु के योग निद्रा से जागने और तुलसी-शालिग्राम विवाह के विधिवत संपन्न होने के बाद पिछले चार महीनों से रुके हुए सभी मांगलिक कार्यों पर लगा विराम हट जाएगा। इसके बाद सगाई, विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और यज्ञोपवीत संस्कार जैसे सभी शुभ और धार्मिक अनुष्ठान फिर से शुरू हो जाएंगे। बाजारों में भी अब शादियों की रौनक और तैयारियां तेज हो जाएंगी।

नवंबर-दिसंबर में शादियों की धूम

पंडित शर्मा के अनुसार देवउठनी एकादशी के बाद नवंबर और दिसंबर माह में विवाह आदि मांगलिक कार्यों के लिए कई श्रेष्ठ और शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं। **नवंबर माह के शुभ मुहूर्तः** 21, 22, 24, 25, 26 और 30 नवंबर, **दिसंबर माह के शुभ मुहूर्तः** 2, 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11 और 12 दिसंबर, **सावधान!** 16 दिसंबर से लगेगा खरमास, फिर थम जाएंगे मांगलिक कार्य। शुभ मुहूर्तों की इस श्रृंखला के बीच दिसंबर के मध्य में एक बार फिर मांगलिक कार्यों पर अस्थायी विराम लगेगा। पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि 16 दिसंबर को भगवान सूर्यनारायण धनु राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे खरमास का प्रारंभ हो जाएगा। शास्त्रों के अनुसार खरमास की इस एक माह की अवधि में सूर्य का तेज क्षीण माना जाता है, जिसके कारण विवाह, सगाई और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। हालांकि यह समय आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत फलदायी होता है और इसमें जप, तप, ध्यान तथा भगवान की आराधना करना सर्वश्रेष्ठ माना गया है। खरमास की समाप्ति के बाद जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे, तभी से पुनः मांगलिक कार्यक्रमों की मंगलमय शुरुआत होगी।

गलत पेंशन निर्धारण, क्रमोन्नति नहीं मिलने पर आमरण अनशन आज से

हाईकोर्ट के आदेश के अवहेलना और वन कर्मचारी विरोधी मुद्दों की खलोंगे परते



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वन विभाग से सेवानिवृत्त 84 वर्षीय पूर्व वन कर्मचारी नेता एवं प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के उप प्रांत अध्यक्ष केएल बैरागी ने वेतन निर्धारण में कथित गड़बड़ी और क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिलने के विरोध में 14 नवंबर से टाउन हाल के पास आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है, उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर, एसपी, डीएफओ सहित प्रधान मुख्य वन संरक्षक को आवेदन देकर अपनी मांगों से अवगत कराया है। आमरण अनशन के दौरान अपनी मांगों सहित वन कर्मचारियों विरोधी मुद्दो व विभाग में फल-फूल रहे भ्रष्टाचार को उजागर करेंगे। बैरागी के अनुसार वे मई 2004 में वनपाल के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। हाईकोर्ट जबलपुर के 18 जनवरी 2011 के आदेश के पालन में तत्कालीन वनमंडलाधिकारी सीहोर ने 1 अगस्त 2011 को उन्हें 29 दिसंबर 1988 से वनपाल के पद पर पदोन्नति प्रदान की थी। इसके बाद वनपाल के पद पर वेतन निर्धारण 5200 रुपये के वेतनमान में किया गया था। प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय के वेतन निर्धारण जांच प्रकोष्ठ ने भी 3500-5200 के वेतनमान में निर्धारण को सही माना था, उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन वनमंडलाधिकारी द्वारा किए गए वेतन निर्धारण के करीब डेढ़ माह बाद दूसरे वनमंडलाधिकारी ने 15 सितंबर 2011 को आदेश जारी कर 3500-5100 के वेतनमान में वेतन निर्धारण कर दिया। इससे उनका पीपीओ संशोधित हो गया और पेंशन कम मिलने लगी, उनका कहना है कि वनपाल पद के लिए उक्त वेतनमान का निर्धारण भी गलत है। बैरागी ने चेतावनी दी थी कि यदि एक माह के भीतर उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो वे 14 नवंबर से टाउन हाल के पास आमरण अनशन शुरू करेंगे, उन्होंने कहा कि अनशन के दौरान कोई घटना होती है तो इसके लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित वरिष्ठ अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

खबर संक्षेप

किसानों ने मंडल के खिलाफ जताया विरोध

सीहोर। खेतों में झूलते 11 केवी एवं एलटी बिजली के तार और जर्जर विद्युत खंभे किसानों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। किसानों का आरोप है कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण जिले में कई गंभीर घटनाएं हो चुकी हैं। महोडिया निवासी सुगनबाई मेवाड़ा और छापरी कला निवासी निखिल मेवाड़ा की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि बरबेली निवासी किसान सतीश मेवाड़ा गंभीर रूप से घायल होकर अपना एक हाथ गंवा चुके हैं। इन घटनाओं से आक्रोशित सीहोर जिले के किसानों ने किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में दीपावली से देवउठनी ग्यारस तक अनोखे ढंग से विरोध प्रदर्शन किया। डाबला माता, चंदेरी, बरबेली, रामखेड़ी, महोडिया और छापरी कला सहित कई गांवों के किसानों ने अपने खेतों में विद्युत मंडल के विरोध में बैनरनुमा पुतले लगाए तथा दीप जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए न्याय की मांग को बुलंद किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग ने मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के प्रबंध निदेशक से जवाब तलब किया है। आयोग ने सीहोर विद्युत मंडल के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आयोग द्वारा अधीक्षक से भी विद्युत मंडल के अधिकारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा।

516 करोड़ की सिंचाई योजना की पाइपलाइन रेलवे की खुदाई में क्षतिग्रस्त, किसानों ने उठाई मरम्मत की मांग

एसडीएम बोले- रेलवे विभाग से कराई जाएगी नुकसान की भरपाई, एजेंसी करेगी पाइपलाइन की मरम्मत; 2021 तक पूरा होना था योजना का काम

नर्मदा पाइपलाइन उद्वहन सिंचाई योजना छीपानेर से चौरसाखेड़ी, गोपालपुर व खातेगांव क्षेत्र के लिए स्वीकृत की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाई जा रही छीपानेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना की पाइपलाइन रेलवे विभाग द्वारा कराई जा रही खुदाई के दौरान कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ गई है। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रही इस महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना की पाइपलाइन को हुए नुकसान को लेकर किसानों ने प्रशासन से शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। मामले में समस्त किसान एवं किसान स्वराज संगठन की ओर से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुधीर कुमार कुशवाहा को आवेदन सौंपा गया है। किसानों ने आवेदन में बताया कि नर्मदा पाइपलाइन उद्वहन सिंचाई योजना छीपानेर से चौरसाखेड़ी, गोपालपुर व खातेगांव क्षेत्र के लिए स्वीकृत की गई है। रेलवे विभाग द्वारा कराई जा रही खुदाई के दौरान कई स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है। इसमें मुख्य रूप से ससली रोड के पास तथा रेलवे ट्रैक के नजदीक किसान भीम सिंह राजपूत के खेत में पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा रेलवे ट्रैक के आसपास अन्य स्थानों पर भी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दी गई है।

रेलवे विभाग से होगी नुकसान की भरपाई, निर्माण कंपनी करेगी मरम्मत

इस संबंध में एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाहा ने बताया कि सिंचाई योजना की जिन स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है, उस नुकसान की भरपाई रेलवे विभाग से कराई जाएगी। रेलवे विभाग संबंधित कंपनी के माध्यम से इसकी भरपाई करेगा। वहीं सिंचाई योजना का निर्माण कर रही कंपनी द्वारा क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कराई जाएगी। इस प्रकार पाइपलाइन को हुए नुकसान की जिम्मेदारी संबंधित विभागों और एजेंसियों के समन्वय से पूरी कराई जाएगी, ताकि सिंचाई योजना की व्यवस्था प्रभावित न हो।

516 करोड़ से अधिक की है परियोजना

उल्लेखनीय है कि छीपानेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना का भूमिपूजन 13 अप्रैल 2018 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम गोपालपुर में किया था। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 516 करोड़ 11 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी। योजना के माध्यम से सीहोर और देवास जिले के लगभग 76 गांवों की 35 हजार 62 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। परियोजना के तहत नर्मदा नदी से पानी उठाकर पाइपलाइन के माध्यम से खेतों तक पहुंचाने की व्यवस्था बनाई गई है। इसके लिए चीचली, करोंदमाफी, पीपलनेरिया, छीपानेर और चौरसाखेड़ी में पांच पंपिंग स्टेशन प्रस्तावित किए गए थे। योजना को प्रारंभिक रूप से 36 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। जिसके अनुसार वर्ष 2021 तक इसका कार्य पूरा होना था। हालांकि निर्धारित समयसीमा के बाद भी परियोजना का काम लंबित रहा। वर्ष 2023 में भी निर्माण कार्य शेष होने का मामला सामने आया था।

पूर्व मुख्यमंत्री भी जता चुके हैं नाराजगी

परियोजना के निर्माण में देरी का मामला पहले भी सामने आ चुका है। दिसंबर 2021 में परियोजना का लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूरा बताया गया था। इसके बाद अप्रैल 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने परियोजना की समीक्षा करते हुए निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने अधिकारियों को शेष 5 प्रतिशत कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए थे और निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। जानकारी के मुताबिक भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की वर्ष 2025 में प्रकाशित अनुपालन ऑडिट रिपोर्ट में भी 31 मार्च 2023 तक छीपानेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना को निर्माणाधीन परियोजनाओं की सूची में शामिल किया गया है। इससे स्पष्ट है कि निर्धारित समयसीमा के बाद भी परियोजना का काम लंबित था। हालांकि, उपलब्ध सरकारी दस्तावेजों में परियोजना की देरी का विस्तृत आधिकारिक कारण स्पष्ट नहीं किया गया है।

मांग- सभी क्षतिग्रस्त स्थानों का हो निरीक्षण

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल सामने आए स्थानों पर ही नहीं, बल्कि रेलवे ट्रैक के आसपास पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त हुए सभी स्थानों का निरीक्षण कराया जाए। ससली रोड और किसान भीम सिंह राजपूत के खेत सहित अन्य प्रभावित स्थानों पर प्राथमिकता से मरम्मत कराई जाए। किसानों का कहना है कि यह योजना क्षेत्र की कृषि और सिंचाई व्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में पाइपलाइन को हुए नुकसान की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाकर मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि किसानों को योजना का लाभ मिलने में किसी प्रकार की बाधा न आए।

संस्कार केंद्र पर निशुल्क शिक्षण सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



उधम सिंह बस्ती स्थित केशव माधव न्यास द्वारा संचालित संस्कार केंद्र पर दीपावली के उपलक्ष में सामाजिक संस्था जन सेवा संकल्प द्वारा छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 12 नवंबर 2026 को किया गया।कार्यक्रम में संस्कार केंद्र में अध्ययनरत बच्चों को स्कूल बैग, पेन-कॉपी, स्कूल ड्रेस की शर्ट एवं मिठाइयां वितरित की गईं।

सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। बच्चों ने भी दीपावली की शुभकामनाओं के साथ अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने बच्चों से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने बच्चों को स्वच्छ रहने, नियमित अध्ययन करने, बड़ों का सम्मान करने तथा माता-पिता की सेवा करने का आग्रह किया। साथ ही संस्कारों के साथ शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। अतिथियों ने कहा कि संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कारों का बीजारोपण हो रहा है, जो समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव है।कार्यक्रम में जिला सह सेवा प्रमुख घनश्याम परमार, वरिष्ठ अधिवक्ता तोष नारायण भूतिया, नगर सेवा प्रमुख सुरेश पांचाल, नीरज सांवरिया, संस्कार केंद्र संचालिका किरण सांवरिया दीदी एवं अक्षय बरेठा उपस्थित थे।यह जानकारी संस्था के केवलराम मालवीय ने दी। उन्होंने बताया कि जन सेवा संकल्प संस्था द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद बच्चों की सहायता एवं सामाजिक सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं।

महंगाई का असरः दूध के दामों में हुई बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

रोजमर्रा की जरूरतों में शामिल दूध के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी होने से आम आदमी का घरेलू बजट बिगड़ने वाला है। अमूल और अन्य कंपनियों ने दूध की कीमतों में 4 रुपए प्रति लीटर तक की वृद्धि कर दी है। नई दरें 12 नवंबर से लागू हो गई हैं। अचानक हुई इस बढ़ोतरी से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

अचानक एक ही दिन में चार रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी होने के कारण आम लोगों को इसका सीधा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। 11 नवंबर तक दूध के दाम में बढ़ोतरी को लेकर कोई भी सुगबुगाहट सुनाई नहीं दी थी। लेकिन अचानक की एक ही रात में दूध के दामों में तेजी कर दी गई। हालांकि सोने वाली बात यह है कि निजी कंपनियों के द्वारा यह पहले से प्री प्लान किया हुआ था। जबकि अभी तक देखा गया है कि दूध के दाम बढ़ने से पहले लगभग 2 से 3 दिन पूर्व उपभोक्ताओं तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाती थी। और दूध के दाम बढ़ाने के बावजूद भी पैकेट पुरानी दर के छपे हुए ही उपभोक्ताओं तक पहुंचते थे। लेकिन इस बार ऐसा देखने को मिला कि कंपनियों ने दूध के पैकेट कब पर भी नया प्रिंट अंकित किया हुआ था। इस हिसाब से माना जा रहा है कि कंपनियों के द्वारा पहले से ही दीपावली के दो या तीन दिन बाद अपने दाम बढ़ाने की पूरी तैयारी कर ली थी। जानकारी के मुताबिक अमूल ने दूध की विभिन्न श्रेणियों के दाम बढ़ाए हैं। अमूल गोल्ड का एक लीटर पैकेट अब 70 के बजाय 74 रुपए में मिलेगा। अमूल ताजा और काउ मिल्क 57 से बढ़कर 59 रुपए, जबकि टी-स्पेशल 61 से बढ़कर 65 रुपए प्रति लीटर हो गया है। अमूल भैंस का दूध 76 से बढ़कर 82 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है। दूध की कीमतों में बढ़ोतरी केवल अमूल तक सीमित नहीं है। उसके अतिरिक्त अन्य निजी कंपनियों ने भी अपने दूध के दामों में 4 रुपए प्रति लीटर तक की वृद्धि की है। लगातार बढ़ती कीमतों से उपभोक्ताओं के सामने अब रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना चुनौती बनता जा रहा है।सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं- आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा सीधा असरनिजी कंपनियों द्वारा दूध के दामों में एकमुश्त बढ़ोतरी किए जाने के बावजूद सरकार की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। उपभोक्ताओं का सवाल है कि आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने पर आम आदमी को राहत देने के लिए सरकार की ओर से कोई पहल क्यों नहीं की जाती? कंपनियां अपनी लागत और व्यावसायिक निर्णयों के आधार पर कीमतें बढ़ा देती हैं, लेकिन आम उपभोक्ताओं के हितों को लेकर कोई प्रभावी हस्तक्षेप दिखाई नहीं देता। जबकि दूध हर घर की दैनिक आवश्यकता है। बच्चों के पोषण से लेकर चाय, नाश्ता और अन्य खाद्य पदार्थों में इसका नियमित उपयोग होता है। ऐसे में प्रतिदिन दूध खरीदने वाले परिवारों को महीने के बजट में अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ेगी। दूध के दाम बढ़ने का असर दही, पनीर, मिठाई और अन्य दुग्ध उत्पादों की कीमतों पर भी पड़ सकता है। गृहणियों ने कहा- घरेलू बजट पर बढ़ेगा बोझदूध की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर गृहणियों अनीता, शालिनी, मंजू और निशा ने बताया कि दूध हर परिवार की जरूरत है। प्रतिदिन घर में दूध की खपत होती है। पहले से ही रसोई गैस, सब्जियों और खाद्य सामग्री के दाम बढ़े हुए हैं। अब दूध के दाम बढ़ने से घरेलू बजट में भी सीधा इजाफा होगा। महीनेभर के खर्च में अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ेगी। कंपनियों को आम उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति का भी ध्यान रखना चाहिए।आम उपभोक्ताओं का कहना है कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन आमदनी उस अनुपात में नहीं बढ़ रही। निजी कंपनियों द्वारा दूध की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम परिवारों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। उपभोक्ताओं ने सरकार से दूध सहित आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर निगरानी रखने और आम जनता को महंगाई से राहत दिलाने की मांग की है।

राष्ट्रीय स्तर पर बुधनी को गौरवान्वित करने वाले सफाई वार्ड प्रभारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर देशभर में बुधनी का नाम रोशन करने वाली नगर परिषद द्वारा शुक्रवार को स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई वार्ड प्रभारियों का सम्मान किया। नगर परिषद कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर के बालागुरु एवं विधायक रमाकांत भार्गव ने सफाई वार्ड प्रभारी अशोक जादोनी और रघुवीर बड़गूजर को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित कियाउल्लेखनीय है कि नगर परिषद बुधनी को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में 25 हजार आबादी वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है इस उपलब्धि के लिए 11 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा नगर परिषद को सम्मानित किया इसी गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में शुक्रवार को उन कर्मचारियों का सम्मान किया गया,जिन्होंने जमीनी स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव,नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय,जनपद अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, नागरिक, नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे इस दौरान अतिथियों ने सफाई मित्रों और स्वच्छता टीम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बुधनी को राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति या विभाग की नहीं, बल्कि नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों,सफाई मित्रों और जागरूक नगरवासियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है इसमें सफाई वार्ड प्रभारियों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही हैनगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय ने सभी सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में बुधनी को मिली राष्ट्रीय पहचान सभी के समर्पण,मेहनत और टीम भावना का प्रतिफल है उन्होंने भविष्य में भी इसी ऊर्जा और जिम्मेदारी के साथ नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाए रखने का आह्वान किया समारोह के माध्यम से यह संदेश भी दिया कि राष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाले सम्मान के पीछे सफाई मित्रों और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का अथक परिश्रम सबसे बड़ी ताकत है।

नयापुरा में आयोजित किया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत इछावर तहसील के ग्राम नयापुरा में शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए। उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और प्रशासन को आमजन के और अधिक निकट लाना है। शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे तथा ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान हो, इसी उद्देश्य से जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की जनकल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे। ग्राम स्तर पर योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, उनका स्थान स्तर पर ही समाधान हो। ग्राम नयापुरा में आयोजित शिविर में हितग्राहियों ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के अनुभव साझा किए। बताया कि शासकीय योजनाओं से उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिली है और जीवन स्तर में सुधार आया है। हितग्राहियों ने योजनाओं का लाभ मिलने पर शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने उनके परिवारों को बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया है।

निशुल्क प्रसाद और साहित्य वितरण किया

सीहोर। तहसील इछावर के ग्राम देवपुरा स्थित श्री भगवान पशुपतिनाथ जी के परिसर में 10 नवंबर 2026 को आयोजित एक दिवसीय मेले में दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर गांधीनगर भोपाल जॉन शाखा एवं गणेश मंदिर रोड सीहोर के संत श्री आसाराम जी बापू के भक्तों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क सेवा शिविर आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं को निःशुक्ल नाश्ता वितरित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए वरिष्ठ समाजसेवी

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बस स्टैंड स्थित संचालित मां नर्मदा हॉस्पिटल के स्थापना दिवस पर शुक्रवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ विधिवत हनुमान जी महाराज और महाराणा प्रताप की पूजा अर्चना कर किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय और विशेष अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत पदाधिकारी अतुल राठौर काका सम्मिलित हुए।महाराणा प्रताप युवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष और मां नर्मदा हॉस्पिटल सीहोर एवं ब्रिजिश नगर इछावर में संचालित तुलसी हॉस्पिटल के डायरेक्टर एक करोड़ 25 लाख हनुमान चालीसा पाठ करने के लिए संकल्पित ज्ञान सिंह मेवाडा ने अतिथियों का फूल मालाए पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया।निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे मरीजों का नर्मदा हॉस्पिटल के डॉक्टरो के द्वारा बीपी शुगर की जांच की गई दवाइयां पर विशेष छूट प्रदान की गई डॉक्टरो ने मरीजो को जरूरी परामर्श दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। डायरेक्टर ज्ञान सिंह मेवाडा द्वारा अतिथियों के साथ मां नर्मदा अस्पताल के डॉक्टर नर्स सहित सभी कर्मचारी एवं अस्पताल संचालन में सहयोग प्रदान करने वाली सभी मातृ शक्तियों को दीपावली गिफ्ट प्रदान कर स्वागत सम्मान किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मां नर्मदा हॉस्पिटल के डायरेक्टर ज्ञान सिंह मेवाडा ने सभी सहयोगियों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्तित्व करते हुए कहा कि गरीब मरीजों की सेवा करना ही लक्ष्य है। जिले के ब्रिजिश नगर के बाद श्यामपुर क्षेत्र में भी सर्व सुविधा युक्त अस्पताल खोलने की आगामी योजना है। सभी के सहयोग से या बहुउद्देशीय कार्य चल रहा है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने मां नर्मदा हॉस्पिटल के सफलतम 6 वर्ष पूर्ण होने पर डायरेक्ट ज्ञान सिंह मेवाडा और समस्त मेडिकल स्टाफ को बधाई शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम में सीहोर शहर सहित ग्रामीण अंचलों के मेडिकल सेक्टर से जुड़े लोग और महाराणा प्रताप युवा संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता मीडिया कर्मी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्माननीय नागरिक सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में हर्ष उल्लास का माहौल बना रहा। मां नर्मदा हॉस्पिटल के नाम पर बने केक को काटा गया। खुशियों के दीप जलाए गए। सभी ने एक दूसरे को बधाई शुभकामनाएं दी।सहभोज के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

न्यायालय तहसीलदार तहसील जावर जिला सीहोर (म0प्र0)

क्रमांक 775/ रीडर-1/2026 जावर दिनांक 11/11/2026
प्र. क्र.: 0006/अ-20(5)/2026-27
:: विज्ञप्ति::
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कस्बा जावर, तहसील जावर, जिला सीहोर स्थित शासकीय नजूल भूमि सर्वे नम्बर 1136/1/4 रकबा 1.169 हेक्टेयर एवं सर्वे नम्बर 1135/1 रकबा 1.052 हेक्टेयर कुल रकबा 2.221 हे० भूमि पर नगर परिषद जावर द्वारा खेल मैदान निर्माण किये जाने हेतु आवंटित किये जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, जो विचाराधीन है। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से 15 दिवस में तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन अथवा लिखित रूप से इस न्यायालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 11/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार तहसील जावर

न्यायालय तहसीलदार तहसील सीहोर नगर जिला सीहोर

प्र.क्र. 0810/अ-6/2026-2027 ग्राम कस्बा
जाहिर सूचना पत्र
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशा नामदेव पिता/पति श्रीमल नामदेव निवासी कस्बा सीहोर तहसील सीहोर ने मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत विक्रेता/अनावेदक किशोरीलाल अशोक पति/पिता. बंशीलाल जाति काछी निवासी कृषक ग्राम कस्बा की वादग्रस्त भूमि खसरा नंबर 1039/5/3/1 मे से विक्रित रकबा 0.066 हेक्टेयर / एकड़ / भूमि । क्रय की जाने से नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। उक्त भूमि के नामांतरण हेतु हितबद्ध पक्षकार किशोरीलाल, अशोक पिता बंशीलाल जाति काछी, राधेश्याम पिता मोतीलाल एवं अन्य सर्वसाधारण हैं उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति जारी जाहिर सूचना 07 दिवस के अंदर न्यायालय में स्वयं अथवा अपने वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। वाद-म्याद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उदघोषण आज दिनांक 13/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार तहसील सीहोर नगर

दुर्गंध से आम नागरिक परेशान, 6 माह से नहीं मिला वेतन

नौ दिन से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल बड़ागांव में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



तहसील की नगर परिषद बड़ागांव में सफाई कर्मचारियों की पिछले नो दिनों से वेतन भुगतान की मांग को लेकर काम बंद हड़ताल जारी है। लगातार नो दिनों से सफाई व्यवस्था ठप होने के कारण अब नगर के हालात बिगड़ने लगे हैं। नगर के प्रमुख मार्गों, बाजारों, गली-मोहल्लों सहित जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं। कचरे से उठने वाली दुर्गंध के कारण दुकानदारों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कचरे के ढेरों में मच्छर पनपने लगे हैं, जिससे मच्छरजनित बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। वहीं सड़कों पर पड़ा कचरा हवा के साथ उड़कर नालियों में पहुंच रहा है, जिससे नालियां भी जाम होने लगी हैं। नालियों में जमा गंदगी से दुर्गंध फैल रही है। इसके अलावा घरों से निकलने वाला कचरा एकत्रित करने वाले कचरा वाहन भी बंद पड़े हैं। ऐसे में नागरिकों को मजबूरी में घरों का कचरा इधर-उधर जमा करना पड़ रहा है। नगर में पिछले नो दिनों से बनी इस गंभीर स्थिति के बावजूद नगर परिषद के जिम्मेदारो की ओर से अब तक कोई ठोस पहल सामने नहीं आई है। वहीं नगर परिषद प्रशासन द्वारा भी सफाई व्यवस्था सुचारू रखने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। इसके चलते दिन-ब-दिन नगर में गंदगी बढ़ती जा रही है।



दुकानदारों एवं नागरिकों का कहना है कि कचरे और नालियों से उठने वाली दुर्गंध के कारण दुकानों पर बैठना और मार्गों से निकलना मुश्किल हो रहा है। कई स्थानों पर लोग कचरे के ढेर में आग लगा देते हैं, जिससे जहरीला धुआं फैलने और लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका रहती है। नागरिकों ने जिम्मेदारों से जल्द से जल्द समस्या का निराकरण कर सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। गौरतलब है कि सफाई कर्मचारियों का पिछले छह माह का वेतन भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों ने काम बंद हड़ताल शुरू की है।

इनका कहना है

बड़ागांव नगर परिषद में सफाई कर्मचारियों का जो वेतन बकाया है, वह मेरे कार्यकाल से पूर्व समय का है। मेरे कार्यकाल को आठ माह ही हुए हैं। बावजूद मेरे द्वारा 10 माह के वेतन का भुगतान कर्मचारियों के खातों में किया गया है। दीपावली पर्व के पूर्व भी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया गया है।

प्रेम शंकर परमार, मुख्य नपा अधिकारी नगर परिषद बड़ागांव

तीन दिन में वेतन भुगतान की मांग, कर्मचारियों ने दी सामूहिक हड़ताल व धरना प्रदर्शन की चेतावनी

नगर परिषद बड़ागांव में कर्मचारियों के बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र मौसर, शैलेंद्र गिलानी, जिला महामंत्री मोहित नरवाल, नगर महामंत्री सहित पार्षद पुत्र राहुल यादव, पार्षद कौशल दुबे एवं पार्षद कालूराम मालवीय द्वारा शुक्रवार को आवेदन सौंपकर नगर परिषद कर्मचारियों का बकाया वेतन तीन दिनों के अंदर भुगतान करने की मांग की गई है। आवेदन के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित तीन दिनों में कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है तो सभी कर्मचारी एकजुट होकर हड़ताल पर चले जाएंगे एवं धरना प्रदर्शन करेंगे। ऐसे में नगर की सफाई व्यवस्था के साथ नगर परिषद का कार्य भी प्रभावित होने की आशंका है। अब देखना होगा कि नगर परिषद प्रशासन कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्या का निराकरण तीन दिनों में कर पाता है या नहीं।

बोले- अब आमजन के साथ शिवना नदी के लिए धरने पर बैठूंगा

विधायक विपिन जैन ने प्रशासन की लापरवाही पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



शिवना नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए चल रहा शुद्धिकरण अभियान शुक्रवार को 151वें दिन भी जारी रहा। विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में श्रमदानियों ने भगवान पशुपतिनाथ मंदिर की छोटी पुलिया और दोनों घाटों के आसपास सफाई कर एक ट्रॉली कचरा निकाला। नदी किनारे फैली प्लास्टिक थैलियां, गाद, कचरा और पानी में फैल रही काई को हटाया गया। घाटों पर फेंके गए कपड़े और अन्य सामग्री भी साफ की गई। धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए नदी किनारे मिली तस्वीरों और मूर्तियों को व्यवस्थित स्थान पर रखवाया गया।

इस दौरान विधायक विपिन जैन ने नदी की बदहाल स्थिति और प्रशासन की उदासीनता पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि 151 दिन से लगातार श्रमदान किया जा रहा है, लेकिन विडंबना है कि लोग फिर नदी में कचरा डाल रहे हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। गंदे नाले आज भी सीधे शिवना में मिल रहे हैं। प्रशासन के पास इन्हें रोकने का कोई ठोस प्लान नहीं है। पहले बनाई गई योजनाएं भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। जैन ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अब केवल श्रमदान से काम नहीं चलेगा। शिवना की दुर्दशा के खिलाफ वे आमजन को साथ लेकर धरने पर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि शिवना केवल नदी नहीं, बल्कि लाखों लोगों की आस्था से जुड़ी जीवनरेखा है। नदी का दूषित पानी जमीन में पहुंचकर कुओं और ट्यूबवेल तक पहुंच रहा है, जिसका दुष्प्रभाव कहीं न कहीं आमजन को भुगतना पड़ रहा है। नदी को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी केवल श्रमदानियों की नहीं, बल्कि प्रशासन और प्रत्येक नागरिक की भी है। श्रमदान में विधायक विपिन जैन, समाजसेवी हेमराज खाबिया, राकेश जैन पिंटू, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला तथा कांग्रेसजनों में राजनारायण आदि रहे मौजूद।

सिंधी समाज का भव्य दीपावली मिलन समारोह व प्रतिभा सम्मान समारोह



मंदसौर। पूज्य सिंधी जनरल पंचायत मंदसौर के तत्वावधान में आयोजित दीपावली मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ श्री झूलेलाल सिंधु महल में संपन्न हुआ। इस गरिमामयी आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों की मेहनत, लगन और उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना तथा समाज की नई पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। समाज का मानना है कि आज के प्रतिभाशाली बच्चे ही कल समाज का गौरव बनेंगे और बच्चों की यह सफलता केवल उनके परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की उपलब्धि है।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, सिंधी समाज के आशीर्वाददाता दृष्टानन्द नैनवानी, वासुदेव खेमानी, संयोजक नन्दूभाई आडवानी, मोहन रामचंदानी, पुरूषोत्तम शिवानी, विनोद शर्मा, समाज अध्यक्ष वासुदेव सेवानी व महासचिव राजेश चाहूजा, वरूणदेव संचालन समिति के अध्यक्ष प्रमोद ककनानी, लाड़ी लोहाणा पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र चंदवनी, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, किन्नर गुरू अनीता दीदी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर, भाजपा नेता अनिल कियावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला, कांग्रेस नेता मनजीतसिंह मनी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत, जनभागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष नरेश चंदवानी, नपा सभापति निर्मला चंदवानी, दीपमाला मकवाना, शांति फरक्या, पार्षद एवं समाज महिला अध्यक्ष भावना पमनानी, डॉ. सुरेश पमनानी, डॉ. डी.डी. संगतानी, मोनू चंदवानी, युवा संगठन अध्यक्ष नीतेश सतीदासानी, मुकेश होतवानी, धार्मिक उत्सव समिति अध्यक्ष ज्योति ककनानी आदि मंचासीन रहे।

समारोह में अतिथियों का स्वागत ब्रजलाल नैनवानी, गिरीश भगतानी, कैलाश मनवानी, अनिल लालवानी, प्रीतम खेमानी, रमेश लवानी, दयाराम जैसवानी, विजय कोठारी, दुर्गेश बेलानी, उमेश ज्ञानानी, मोहन मनवानी, गिरधारी जजवानी, ताराचंद जैसवानी, लाला ककनानी, महेश देवनानी, गोपाल पारवानी, पप्पन ज्ञानी, ठाकुरदास खेराजानी, मंजू कोठारी, दुर्गा भावनानी, लता लालवानी, कांता चतवानी, आदि समाजजनों द्वारा किया गया। इस आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, मार्गदर्शक, समाजसेवी, पंचायत के पदाधिकारी, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के निम्नलिखित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया जिसमें लक्षदीप लालवानी, केसर लालवानी, नवीन डालवानी, वीर होतवानी, परी सोनी, मीत टेकचंदानी, भूमिका काकनानी, विधि होतवानी, रवि मूलचंदानी, रितिका पमनानी, सलोनी पमनानी, दर्षिता कल्याणी, यश संगतानी, परी बेलानी, स्नेहा लालवानी, सिमरन टेकवानी, चिराग चंदानी, भरत खेराजानी, नीव उतवानी, काव्यांश लालवानी, संजना लालवानी, प्रथम हरवानी, रितिका कोटवानी आदि का सम्मान किया।

शिविर में 23 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया

मंदसौर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत जिले के गरोठ में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 61 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 23 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा अपने भ्रमण में जन संवाद कर लोगों की समस्याओं शिकायतों का निराकरण ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया। इस अवसर पर उद्यम संवाद भी हुआ। जिसमें शासन की योजनाओं से लाभान्वित तथा आत्मनिर्भर बने अन्य व्यक्तियों को भी रोजगार दे रहे। स्थानीय उद्यमियों द्वारा अपनी सफलता की कहानियां प्रस्तुत की गई।

कमिश्नर व एडीजी ने कैबिनेट बैठक तैयारी का निरीक्षण किया



मंदसौर। जिले के गांधी सागर में आगामी 18 नवंबर को आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश कैबिनेट की बैठक की तैयारी का निरीक्षण उज्जैन कमिश्नर आशीष सिंह तथा उज्जैन एडिजीपी राकेश गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान कलेक्टर मंदसौर दिव्यांक सिंह, विधायक गरोठ चंदरसिंह सिसोदिया, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, उपाध्यक्ष मनुप्रिया विनीत यादव, नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्र, डीआईजी रतलाम रेंज निमिष अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद कुमार मीना, नीमच जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, एसडीएम राहुल चौहान तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उज्जैन कमिश्नर आशीष सिंह तथा एडीजी गुप्ता द्वारा आगामी कैबिनेट आयोजन की तैयारी की बारीकी से समीक्षा की विभिन्न स्थानों पर जायजा लिया। अधिकारियों द्वारा हिंगलाजगढ़ रिजॉर्ट तथा टेंट सिटी पहुंचकर तैयारी देखी गई। मंत्रिमंडल की बैठक व्यवस्था, प्रेस वार्ता कक्ष, मीटिंग हॉल आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने हेलीपैड पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी। कैबिनेट आयोजन स्थल पर पार्किंग व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। इस दौरान कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर तैयारी से अवगत कराया गया। कमिश्नर आशीष सिंह ने वी आई पी के आगमन पर उनके लिए विभिन्न व्यवस्थाओं तथा एडीजी द्वारा सुरक्षा संबंधी विषय पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। दोनों अधिकारियों ने बैठक लेकर कैबिनेट आयोजन संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर स्थानीय जिला प्रशासन को दिशा निर्देशित किया।

महाविद्यालय में निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई

मंदसौर। शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन (भारत निर्वाचन) जिला मंदसौर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब द्वारा युवा मतदाताओं के मध्य मतदाता जागरूकता को बढाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में निबन्ध एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। क्विज प्रतियोगिता में लगभग 20 छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई एवं निबन्ध प्रतियोगिता में लगभग 17 छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अक्षिता पवन तिवारी ने प्राप्त किया तथा द्वितीय स्थान पर दो छात्रायें खुशी प्रमोद शर्मा एवं स्नेहा कुंवर योगेन्द्रसिंह ने प्राप्त किया। इसी प्रकार निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान माया पप्पूलाल चैहान, द्वितीय स्थान किरण कमल कुमार तथा तृतीय स्थान स्नेहा कुंवर योगेन्द्रसिंह ने प्राप्त किया।

प्रतिनिधियों को डीवीडी व मतदाता सूची प्रदान की गई

निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत प्रारूप प्रकाशन किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सयुंक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप मतदाता सूची एवं युक्तियुक्तकरण के बाद की नवीन मतदान केन्द्रों की सूची उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिव्यांक सिंह के निर्देशन में मंदसौर जिले में निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य निर्वाचक नामावली को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना तथा पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने के साथ अपात्र एवं त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करना है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 नवंबर 2026 से 11 दिसंबर 2026 तक प्रारूप निर्वाचक नामावली के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस अवधि में नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने, नाम, पता अथवा अन्य विवरणों में संशोधन कराने तथा नियमानुसार अन्य आवश्यक दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का परीक्षण एवं निराकरण निर्धारित प्रक्रिया के तहत 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। इसके पश्चात 4 जनवरी 2027 को अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम एवं अन्य विवरण अवश्य जांच लें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि अथवा संशोधन की आवश्यकता हो तो निर्धारित समय-सीमा में संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में अपना दावा या आपत्ति प्रस्तुत करें, जिससे निर्वाचक नामावली में आवश्यक सुधार किया जा सके।

भारत पेंशनर समाज का एक दिवाली मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/ मंदसौर



भारत पेंशनर समाज इकाई भानपुरा का दिवाली मिलन कार्यक्रम, स्थानीय बडा महदेव मार्ग स्थित फूटा गणेश स्थल पर प्रकृति के सानिध्य मे,व्ययोवृद्ध पेंशनर मोहन लाल कलवाड़िया की अध्यक्षता मे, सम्पन्न हुआ., कार्यक्रम का आरम्भ माँ शारदा की पूजन वंदन से हुआ शारदा वंदना गणेश वंदना जगदीश पुरोहित ने की, भानपुरा इकाई के अध्यक्ष घनश्याम मेहर ने स्वागत भाषण दिया पूर्व प्राचार्य के एल कोयल,, लक्ष्मीनारायण टेलर, कुंज बिहारी टेलर, ने गीत के माध्यम से कवि, गणपत छरावा,ने नई कविता, के माधम से, रमाकांत उपाध्याय, गोरीलालबंजारा, हसन भाई बोहरा ने मालवी गीत गीत से रसिकों को भाव विभोर करदिया,मोहन लाल मरमत, भगत सिंह भाटी ने सम्बोधित किया, इसी बीच अर्जुन भलिया, सुरेखा भलिया शमीम बनो मकेश जैन अशोक विश्व कर्मा को नवीन सदस्यता पर और वरिष्ठ साथी रामस्वरूप जोशी को जन्म दिवस पर सम्मानित किया. प्रदेश कार्यकारिणी के प्रतिनिधि राधेश्याम टेलर ने गीत के माध्यम से दिवाली शुभकामनायें देते हुए आगामी वार्षिक योजना से अवगत करया और आभार व्यक्त किया सूत्रधार डॉ प्रद्युम्न भट्ट ने संचालन किया.उल्लेखनीय कार्यक्रम मे लेदी, ढाबला केथुली, बाबुलदा, अत्रालिया सहित भानपुरा से बड़ी संख्या मे पेंशनरों साथ ने भाग लिया।

नंदीश्वर द्वीप महामंडल का भव्य आयोजन होगा



मन्दसौर। श्री महावीर जिनालय नया मंदिर एवं श्री दिगम्बर जैन महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में अष्टान्हिका पर्व में दिनांक 17 से 24 नवम्बर 2026 को आठ दिवसीय श्री नंदीश्वर द्वीप महा मण्डल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए महावीर जिनालय ट्रस्ट अध्यक्ष जयकुमार बडजात्या व सचिव डॉ संजय गांधी ने बताया कार्तिक, फाल्गुन और आषाढ़ माह में यह महापर्व आता है। इन दिनों में की जाने वाली अष्टान्हिका पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। संगठन अध्यक्ष डॉ. चंदा कोठारी ने बताया जैन धर्म और जैन भूगोल के अनुसार नंदीश्वर द्वीप मध्यलोक का आठवां द्वीप है। जैन दर्शन में यह अत्यन्त पवित्र द्वीप माना जाता है।

एनटीपीसी मुंबई की टीम के साथ बस्सी पहुंचे सांसद, प्रस्तावित परियोजना स्थल का किया निरीक्षण

रामपुरा में प्रस्तावित 2800 मेगावाट के न्यूक्लियर प्लांट को लेकर हलचल तेज

सांसद सुधीर गुप्ता ने एनटीपीसी अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





नीमच जिले का रामपुरा क्षेत्र आने वाले समय में परमाणु ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नई पहचान बना सकता है। मनासा विधानसभा के ग्राम बस्सी में प्रस्तावित 2800 मेगावाट क्षमता के न्यूक्लियर पावर प्लांट को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को एनटीपीसी मुंबई के अधिकारियों की टीम मनासा पहुंची। इस दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रस्तावित परियोजना के विभिन्न पहलुओं, तकनीकी संभावनाओं और आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली। बैठक में सांसद गुप्ता ने अधिकारियों के साथ परियोजना की वर्तमान स्थिति एवं आगे की प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि परियोजना से जुड़े सभी तकनीकी एवं आवश्यक पहलुओं का गंभीरता से अध्ययन करते हुए आगामी कार्यवाही की जाए। बैठक के पश्चात सांसद सुधीर गुप्ता स्वयं एनटीपीसी की टीम के साथ ग्राम बस्सी पहुंचे। यहां उन्होंने प्रस्तावित परियोजना स्थल का निरीक्षण किया तथा स्थानीय क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी राय और सुझाव जाने। इस दौरान अधिकारियों के साथ स्थल की परिस्थितियों एवं परियोजना की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

2800 मेगावाट क्षमता का प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा संयंत्र

ग्राम बस्सी में प्रस्तावित यह परियोजना एनटीपीसी परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (ठढवठछ) से संबंधित है। प्रस्तावित योजना के अनुसार यहां 700-700 मेगावाट की चार इकाइयों के माध्यम से कुल 2800 मेगावाट बिजली उत्पादन की परिकल्पना है। परियोजना के लिए नीमच जिला प्रशासन द्वारा 2 नवंबर 2026 को सामाजिक प्रभाव आकलन के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई पहचान

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। रामपुरा क्षेत्र में प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा परियोजना साकार होती है तो यह पूरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। इससे औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रस्तावित इस महत्वपूर्ण परियोजना के सभी पहलुओं पर संबंधित अधिकारियों के साथ निरंतर चर्चा और समन्वय बनाए रखा जाएगा।

खबर संक्षेप

योजना के तहत युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

सीहोर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत मध्यप्रदेश के 1562 युवाओं को ऑन द जॉब ट्रेनिंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक युवाओं से पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं को इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, लाइनमैन, स्टेनोग्राफर, इंजीनियरिंग सहित विभिन्न 13 ट्रेडों में एक वर्षीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को निर्धारित स्टाइपेंड भी मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थीएमएमएसकेवाई पोर्टल पर उपलब्ध रिक्त पदों, पात्रता एवं अन्य जानकारी देखकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

सीहोर। मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान एवं उनके संरक्षण के उद्देश्य से जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय वल्नरेबिलिटी मैपिंग प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तकनीकी सहयोगी संस्था उदयन केयर, भोपाल के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी शिलु शर्मा और महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश कुमार खरे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जोखिमग्रस्त बच्चों की समय पर पहचान कर आवश्यक संरक्षण एवं सहायता उपलब्ध कराने के महत्व पर प्रकाश डाला। पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वल्नरेबिलिटी मैपिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर एवं अतिथियों की उपस्थिति में दीपावली मुहूर्त पर हुआ नीलामी का शुभारंभ

दीपावली के बाद लहसुन-प्याज मंडी में निलामी हुई शुरू लहसुन की पहली उपज 33 हजार प्रति क्विंटल बिकी

लहसुन-प्याज मंडी में दीपावली पर्व के अवकाश के पश्चात शुक्रवार को परंपरानुसार दीपावली मुहूर्त पर नीलामी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर की नवीन कृषि उपज मंडी में संचालित उन्नतिशील लहसुन-प्याज मंडी में दीपावली पर्व के अवकाश के पश्चात शुक्रवार को परंपरानुसार दीपावली मुहूर्त पर नीलामी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। उन्नतिशील फल-सब्जी लहसुन-प्याज व्यापारी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओं, मंडी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं व्यापारी भाइयों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर थे। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, कृषि उपज मंडी सचिव नरेंद्र मेश्राम, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र गंगवाल, महिला नेत्री श्रीमती गुलाब बाई ठाकुर, सकल हिंदू समाज संयोजक मुकेश नामदेव, अजय अर्जुन सहित नगर के पुरोहित पंडित मनीष पाठक एवं मयूर पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन एवं आरती कर किया गया। सभी अतिथियों ने मां लक्ष्मी का स्मरण करते हुए नवीन व्यापारिक वर्ष के शुभारंभ पर सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं व्यापार में उन्नति की कामना की।

33 हजार रुपए प्रति क्विंटल में बिकी लहसुन

दीपावली मुहूर्त की पहली नीलामी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कृषक गोलू ढकनी द्वारा लाई गई लहसुन की उपज की पहली बोली 33,000 रुपये प्रति क्विंटल लगी, जिसे पार्वती ट्रेडिंग कंपनी के प्रो मनोज परसराम कुशवाहा ने खरीदा। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने प्रथम कृषक गोलू ढकनी एवं प्रथम खरीददार मनोज कुशवाहा का पुष्पमाला एवं केसरिया साफा पहनाकर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर दीपावली एवं नवीन व्यापारिक वर्ष की शुभकामनाएं दीं।



किसान और व्यापारी से ही मंडी की उन्नतिः विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर

इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सभी किसान भाइयों, व्यापारी बंधुओं एवं नगरवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कृषि और व्यापार हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। किसान दिन-रात मेहनत कर अपनी उपज तैयार करता है और व्यापारी उस उपज को उचित बाजार उपलब्ध कराता है। किसान एवं व्यापारी एक-दूसरे के पूरक हैं। दोनों के हितों का संरक्षण होना चाहिए। मंडी में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले और व्यापारियों को भी सुचारू रूप से व्यापार करने का अवसर मिले, इसके लिए सभी को मिलकर सकारात्मक प्रयास करना चाहिए। उन्होंने प्रथम नीलामी की शुभ शुरुआत पर किसान एवं व्यापारी दोनों को बधाई दी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने अपने उद्बोधन में सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आष्टा की उन्नतिशील लहसुन-प्याज मंडी क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बन रही है। इस मंडी की निरंतर प्रगति के लिए आवश्यक है कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें उनकी मेहनत का उचित दाम मिले। साथ ही व्यापारियों को भी व्यापार के लिए बेहतर सुविधाएं और अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि किसान और व्यापारी दोनों की खुशहाली से ही क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि संभव है। वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र गंगवाल ने सभी को दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्नतिशील लहसुन-प्याज मंडी ने क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। मंडी की वास्तविक सफलता तभी है जब किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य मिले, व्यापारियों को अच्छा व्यापार मिले और पूरी व्यवस्था पारदर्शिता एवं आपसी विश्वास के साथ संचालित हो। उन्होंने व्यापारी संघ द्वारा आयोजित इस परंपरागत दीपावली मुहूर्त कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन किसान, व्यापारी एवं सामाजिक संगठनों के बीच आपसी समन्वय और सद्भाव को मजबूत करते हैं।

किसान-व्यापारी हितों के लिए सदैव प्रयासरत रहेगा व्यापारी संघ : नरेंद्र कुशवाहा

उन्नतिशील फल-सब्जी लहसुन-प्याज व्यापारी संघ अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों, पत्रकार बंधुओं, किसान भाइयों एवं व्यापारी साथियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली के पावन पर्व के पश्चात मंडी की नीलामी का शुभारंभ हम सभी के लिए उत्साह और नई उम्मीदों का अवसर है। उन्होंने कहा कि व्यापारी संघ का हमेशा प्रयास रहेगा कि मंडी में किसानों को बेहतर सुविधाएं मिलें, उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो तथा व्यापारियों को भी सुचारू और व्यवस्थित व्यापार करने का अवसर मिले। किसान और व्यापारी दोनों मंडी व्यवस्था के महत्वपूर्ण अंग हैं। दोनों के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और बेहतर समन्वय बना रहे, यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने प्रथम नीलामी में 33 हजार रुपये प्रति क्विंटल की बोली को शुभ शुरुआत बताते हुए किसान गोलू ढकनी एवं प्रथम खरीददार मनोज कुशवाहा को बधाई दी।

अतिथियों का किया सम्मान

इस अवसर पर व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा द्वारा उपस्थित अतिथियों, सम्मानित पत्रकार बंधुओं एवं मंडी के अधिकारी-कर्मचारियों का शाल-श्रीफल, केसरिया साफा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। सम्मानित पत्रकारों में श्री सुशील संचेती, श्रीमती किरण रांका, बाबू पांचाल, राजीव गुप्ता, जहुर मंसूरी, इसराइल मंसूरी, अबरार भाई, राकेश बैरागी, धनंजय जाट, कमल पांचाल, ओंकार सिंह गुप्तचर (मीडिया), संजय वर्मा, अभिषेक जैन, बाबू सिसोदिया, शैलेन्द्र शर्मा सहित अन्य पत्रकार बंधु शामिल रहे। वहीं मंडी के अधिकारी एवं कर्मचारी अशोक कुमार माली, बहादुर सिंह मेवाड़ा, जितेंद्र ठाकुर, शुभम मेवाड़ा, अर्जुन मेवाड़ा, हुकुम परमार, अखिलेश परिहार, राजमल चौहान, हरी बाबू सहित उपस्थित कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उन्नतिशील लहसुन-प्याज व्यापारी संगठन के सचिव साबिर राईन, आशिक मामा, सुशील कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, जफर राईन, शोहकत भाई, नासिर भाई, अजीज भाई, विनोद तिवारी, धर्मेंद्र, रेहान अली, शहजाद भाई, रफीक मोदी, कल्लू भाई खड़ी, पप्पू भाई खड़ी, आजाद भाई राईन, जगदीश कुशवाहा पटेल, अमरचंद कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, राज कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद द्वारा किया गया। अंत में सभी अतिथियों, पत्रकार बंधुओं, मंडी अधिकारियों-कर्मचारियों, किसान भाइयों एवं व्यापारी साथियों का आभार व्यक्त किया गया।

पैरेंट ओरिएंटेशन कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के अभिभावकों के लिए विशेष पैरेंट ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच मजबूत साझेदारी बनाना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम में निदेशक डॉ. योगेश पोपट, संयुक्त निदेशक डॉ. एम. एन. सिंह, प्राचार्य अरविंद श्रीवास्तव एवं इसरो के सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक व आकार के संस्थापक एन. जे. भट्ट ने अभिभावकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक कार्ययोजना, शिक्षण पद्धतियों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गतिविधि आधारित शिक्षण एवं आगामी इसरो आधारित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी।एन. जे. भट्ट ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा एवं नवाचार विकसित करने पर जोर दिया। वहीं प्रबंधन ने कहा कि बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की नींव विद्यालय और परिवार के संयुक्त प्रयासों से ही मजबूत होती है।कार्यक्रम में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजित हुए कार्यक्रम के अवसर पर निदेशक सैयद परवेज़ अली, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, पायल अली, डॉ. संगीता सिन्हा, सैयद आदिल अली सहित अन्य उपस्थित रहे।



जावर मंडी में शुभ मुहूर्त में किसान का सोयाबीन 9171 रुपए में खरीदा, प्रथम बैलगाड़ी से लाए सोयाबीन से शुरू हुई बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

कृषि उपज मंडी जावर में दीपावली के शुभ मुहूर्त पर परंपरागत रूप से पहली बोली का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर ग्राम मेहतवाड़ा के किसान संतोष ठाकुर बैलगाड़ी में सोयाबीन भरकर मंडी पहुंचे, जिनकी उपज की बोली लगाई गई।शुभ मुहूर्त में किसान संतोष ठाकुर का सोयाबीन 9171 रुपये प्रति क्विंटल के उच्चतम भाव पर जैन श्री इंटरप्राइजेज द्वारा खरीदा गया। बोली लगते ही मंडी परिसर में उपस्थित किसानों, व्यापारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने किसान का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में आष्टा विधानसभा के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जावर नगर के जनप्रतिनिधि, तहसीलदार, मंडी सचिव, व्यापारीगण एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। विधायक ने किसान संतोष ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मंडी में किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।इस अवसर पर विधायक एवं अतिथियों ने मंडी में पूजा-अर्चना कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं और व्यापारियों से किसानों की उपज का सही दाम देने का आह्वान किया। मंडी परिसर में दीपावली के उत्साह का माहौल देखने को मिला। किसानों ने भी मंडी प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।मंडी सचिव ने बताया कि दीपावली मुहूर्त की बोली से नए सत्र की शुरुआत मानी जाती है। इस बार सोयाबीन के अच्छे भाव मिलने से किसानों में खुशी का माहौल है और आने वाले दिनों में मंडी में आवक बढ़ने की उम्मीद है।



संतों का आगमन सौभाग्य से होता है: कैलाश परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार द्वारा अपने प्रतिष्ठान पर पधारे संतों के आगमन पर यह बात कही, अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संगठन स्वामिनारायण सम्प्रदाय गुजरात से पधारे पूज्य स्वामी निर्माणचरित्र दास एवं पूज्य अनंत वत्सल स्वामी का परमार लॉ चैम्बर पर भव्य स्वागत किया गया। जहां भगवान स्वामी नारायण की पूजा अर्चना की गई। स्वामी द्वय सनातन परम्परा अनुसार दीपावली पश्चातअन्नकूट के प्रसादी वितरण हेतु पधारे थे। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार द्वारा दोनों स्वामी जी की पुष्प माला पहनाकर आगवानी की गई एवं विधिवत स्वागत-सत्कार कर आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर कैलाश परमार ने कहा कि संतों का आगमन सौभाग्य से होता है। संतों के दर्शन, आशीर्वाद और सान्निध्य से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आज हमारे प्रतिष्ठान पर संतों का पधारना हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है। संतो के आशीष से हमारे साथ अंचल को भी सुख शांति समृद्धि मिलेगी। तत्पश्चात स्वामी निर्माणचरित्र दास जी एवं अनंत वत्सल स्वामी द्वारा अन्नकूट एवं प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर स्वामी जी ने ईश्वरीय सत्ता के महत्व एवं आध्यात्मिक चेतना पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भक्ति, सेवा और सदाचार ही जीवन को सार्थक बनाते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता द्वय सुरेन्द्र सिंह परमार वीरेंद्र सिंह परमार, युवा अधिवक्ता पल्लव जैन प्रगति, युवा समाजसेवी अर्जुन सिंह अजय, वरिष्ठ व्यवसायी किशोरीलाल कुशवाह, ओमप्रकाश साहू, नीलेश सिंह परमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वामी निर्माण चरित्र दास जी ने आगे कहा कि आष्टा के दानवीर साहू परिवार द्वारा दान की गई भूमि पर इस अंचल का सर्व श्रेष्ठ स्वामी नारायण मंदिर अतिशीघ्र मूर्त रूप लेगा। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



भाजपा के वरिष्ठ नेता ताराचंद चौहान की 15वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम, सेवा कार्यों से किया याद

श्यामपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जनसेवा के लिए समर्पित स्वर्गीय ताराचंद चौहान की 15वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, गणमान्य नागरिकों एवं परिजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा कार्यों के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्यामपुर में भर्ती मरीजों को कंबल, फल एवं भोजन वितरित किया गया। इसके साथ ही गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को भी भोजन, फल और कंबल प्रदान किए गए। सेवा कार्यों के माध्यम से स्वर्गीय ताराचंद चौहान के जनसेवा और समर्पण के विचारों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वर्गीय ताराचंद चौहान के सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना जीवन जनसेवा और समाजहित के कार्यों के लिए समर्पित किया था।



अग्नि पीड़ित परिवार को जैन समाज द्वारा सहयोग राशि प्रदान की

सीहोर। जैन समाज ने अग्निपीड़ित परिवार अंजनी धाम सीहोर निवासी श्री छगनलाल जी जैन के मकान में आग लगने से हुई क्षती के बाद उसी दिन जैन समाज अध्यक्ष एवं कमेटी सदस्य तथा समाजजन के साथ पंहुचकर संवेदना व्यक्त करते हुए आश्वस्त कीया था की आपकी इस असमायिक दुर्घटना से दुख की घड़ी मे समाज आपके साथ है।तथा क्षति पूर्ति हेतु यथा योग सहयोग प्रदान करेंगे। ज्ञातव्य है कि श्री छगनलाल जी की बिटिया कुमारी दीपिका के विवाह का सामान जलने से एवं मकान में हुई क्षति के नुकसान हुआ था । अतः सहयोग हेतु जैन समाज सीहोर द्वारा रुपए 1,15,000 की राशि एवं समाज के श्री दिगंबर जैन पद्मावती पोरवाल महासभा द्वारा 25000 की राशि कुल मिलाकर रुपया 1 लाख 40 हजार रुपए की राशि समाज जन के समक्ष उनके परिवार को आज राशी प्रदान की गई। साथ ही विवाह समारोह मे शामिल होकर हर यथा सहयोग प्रदान करने के लिए पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया ।

बीएसआई मैदान पर सैकेंड एकलव्य टी-20 कॉरपोरेट ट्रॉफी लीग का आगाज

अलिशा इंटरप्राइजेज ने आरएसआई को 2 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में गुरुवार से सैकेंड एकलव्य टी-20 कॉरपोरेट ट्रॉफी लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। उद्घाटन मैच में अलिशा इंटरप्राइजेज ने आरएसआई को 2 विकेट से पराजित किया, जबकि दूसरे मुकाबले में विंटेज वाइपर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर हिटर को 4 विकेट से शिकस्त दी।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के डायरेक्टर जगदीश कुशवाहा, अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, अकादमी के सीनियर कोच अतुल कुशवाहा, मनोज दीक्षित मामा, महेंद्र शर्मा, आशीष शर्मा, कोच चेतन मेवाड़ा, गौरव पिचोनिया, मयंक जैन, निर्णायक शिवम दुबे, सिद्धांत पांडे और स्कोरर निशिता विश्वकर्मा सहित खेलप्रेमी उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

मुदस्सर आलम की शानदार गेंदबाजी, अलिशा इंटरप्राइजेज ने जीता पहला मैच

पहले मुकाबले में आरएसआई की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में सभी विकेट खोकर 95 रन बनाए। टीम की ओर से नीरज मेहरा ने 27 रन, सेमसन ने 18 रन, अजय चंदेल ने 12 रन और मोनू ने 13 रन का योगदान दिया। अलिशा इंटरप्राइजेज की ओर से मुदस्सर आलम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 16 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। वहीं सैय्यद जमरान जावेद ने 2 विकेट तथा नमन प्रजापति और सरोस ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अलिशा इंटरप्राइजेज की टीम ने 15.1 ओवर में 8 विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से नमन प्रजापति ने 30 रन, आकाश राजपूत ने 21 रन और सैय्यद जमरान जावेद ने 13 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। आरएसआई की ओर से हार्दिक वर्मा ने 3 विकेट, सेमसन ने 2 विकेट तथा नीरज मेहरा और अनी तोमर ने 1-1 विकेट हासिल किया।

सुपर हिटर को 4 विकेट से हराया

दिन के दूसरे मुकाबले में सुपर हिटर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 135 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विंटेज वाइपर की टीम ने 6 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। इस तरह विंटेज वाइपर ने मुकाबला 4 विकेट से अपने नाम किया।

बीएसआई मैदन पर आयोजित हो रही प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार को दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच अलिशा इंटरप्राइजेज और केकेआर खेरी आष्टा के मध्य होगा, जबकि दूसरा मुकाबला केके खेरी आष्टा और आरएसआई की टीमों के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में कॉरपोरेट टीमों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

कांटे के सेमीफाइनल मुकाबले में इछावर ने आष्टा को 5-4 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शहर के चर्च मैदान पर आयोजित सीनियर जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला इछावर ने आष्टा के खिलाफ 5-4 से जीतकर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल शुक्रवार को दोपहर 3 बजे किया जाएगा और शाम पांच बजे पुरस्कार वितरण किया जाएगा। गुरुवार को दोपहर में आरंभ हुए इस रोमांचक दूसरे सेमीफाइनल में इछावर-आष्टा की दोनों ही टीम मैच के अंत तक 0-0 पर थी, उसके पश्चात फैसला टाई ब्रेकर पेनल्टी के द्वारा किया गया। इसमें इछावर टीम ने आष्टा को 5-4 से हराया। अब उसका फाइनल में सीहोर बाइज के साथ खेला जाएगा।

